# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

## समूह–1 उपसमूह–1 के अंतर्गत जिला वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 एवं समूह–2 उपसमूह–1 के अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों, सहायक गुणवत्ता नियंत्रक संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 का 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) परीक्षा–परिणाम

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 02.06.2025

परीक्षा परिणाम तिथि : 04th अगस्त, 2025

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

M.P. EMPLOYEES SELECTION BOARD ESB BHOPAL

04/08/2025

4/8/25

# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## समूह–1 उपसमूह–1 के अंतर्गत जिला वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 एवं समूह–2 उपसमूह–1 के अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों, सहायक गुणवत्ता नियंत्रक संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 का 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 02.06.2025 को समूह–1 उपसमूह–1 के अंतर्गत जिला वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 हेतु प्रश्न पत्र **A** का आयोजन भोपाल शहर में एवं समूह–2 उपसमूह–1 के अंतर्गत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों, सहायक गुणवत्ता नियंत्रक संयुक्त भर्ती परीक्षा–2024 हेतु प्रश्न पत्र **B** का आयोजन मध्यप्रदेश के 11 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में [redacted] किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के लिए विषयवार कुल **11024** आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनकी संख्यात्मक जानकारी निम्नानुसार हैः–

| S.n. | Paper Name | Post name | Present Candidate | Absent Candidate | Total Candidate |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी | 629 | 759 | 1388 |
| 2 | B | ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी/सहायक गुणवत्ता नियंत्रक | 5634 | 4002 | 9636 |
| | | Total | 6263 | 4761 | 11024 |

2. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. समस्त प्रदर्शित परीक्षा परिणाम Percentile Score के आधार पर है, Percentile का नियम, नियम पुस्तिका में उल्लेखित है।
4. नियमानुसार निःशक्तजन संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत EH/VH/LD/MD मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन में निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।
5. परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरिष्ठता नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमानुसार निर्धारित की गई है।
6. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित विकल्प/प्राथमिकताक्रम के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
7. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
8. मण्डल द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।
9. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।
10. परीक्षा परिणाम ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं, जहॉं से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 04th अगस्त 2025

नियंत्रक
कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल